तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 नवंबर 2025

12 दुरुगपाली में धूमधाम से मनाई गई बिरसा मुंडा...



12 क्षेत्र में चल रहे मतदाता शुद्धिकरण कार्य का...





## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी, मारपीट

**महासमुंद।** एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी और मारपीट करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी अश्विनी साहू निवासी कोसरंगी ने बताया कि इस वर्ष नया हार्वेस्टर नया लिया, जिसे राजा साहू और जितेंद्र साहू चलाते हैं। 16 नवंबर को धान काटने के लिए गये थे, जब वे 8:30 बजे घर में आये, तो प्रार्थी ड्राइवरों से हिसाब कर रहा था, उसी समय गाली गलौज करते हुए गांव के राहुल यादव और मंजीत यादव आये और घर में घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ में रखे डंडा से मारपीट किये। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### एक्सीडेंट में ट्रक ड्राइवर घायल

**महासमुंद।** एक्सीडेंट में ट्रक ड्राइवर के घायल होने के मामले में तुमगांव थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 13 नवंबर को कन्हैया बंजारा अशोक लीलैंड वाहन क्रमांक सीजी 09 बी 1205 में टाइल्स एवं सेनेटरी सामान लोड कर रायपुर से बसना की ओर जा रहा था, रास्ते में एनएच 53 रोड करणी कृपा प्लांट तुमगांव के पास सामने चल रहे ट्रेलर के चालक द्वारा गाड़ी को धीरे करने पर कन्हैया द्वारा भी अपने वाहन को भी धीरे किया गया। तभी पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 4605 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए पीछे से एक्सीडेंट कर दिया, जिससे कन्हैया अपने वाहन सहित सामने चल रहे ट्रेलर से टकरा गया, जिससेउसे गंभीर चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 9 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**महासमुंद।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर में लापरवाही बरतने पर जिला निर्वाचन अधिकारी विनय लंगेह ने संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बूथ लेवल अधिकारी के पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त कुल 9 पटवारियों को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के प्रावधानों के आधार पर कार्रवाई करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन भूतड़ा ने बताया कि सरायपाली तहसील के 3, पिथौरा के 2, बागबाहरा के 1 एवं महासमुंद के 3 पटवारियों को यह कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### अमीन भर्ती परीक्षा 7 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा अमीन भर्ती परीक्षा रविवार 07 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 12 बजे से दोपहर 02:15 बजे तक एक पाली में आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिला मुख्यालय महासमुंद के निर्धारित 16 परीक्षा केंद्रों में जिले के 4731 परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा इस संबंध में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। सभी परीक्षार्थियों को इन निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने कहा गया है, ताकि परीक्षा दिवस में किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लेने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे परीक्षा दिवस में उन्हें स्थान ढूंढने में कोई कठिनाई न हो।

# धान खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था चरमराई, केंद्रों पर लटके ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत के साथ ही प्रशासनिक वैकल्पिक व्यवस्था चरमराई नजर आ रही है। अनुभवहीन कर्मचारियों को प्रभार सौंपे जाने के चलते किसानों को धान बेचने में अभी से परेशानी पेश आ रही है। जुगाड़ वाली व्यवस्था के कारण कई केंद्रों पर खरीदी शुरू ही नहीं हो पाई है, जबकि जहां खरीदी चल रही है, वहां अव्यवस्था और लेटलतीफी से किसान हलाकान हैं।

जिले में धान खरीदी के लिए कुल 130 समितियों के अंतर्गत 182 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। सहकारी समितियों के प्रबंधक और ऑपरेटरों के हड़ताल पर चले जाने के कारण, इन केंद्रों को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी खाद्य, कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को नोडल अधिकारी या समिति प्रबंधक के तौर पर दी गई है। हालांकि, इन कर्मचारियों को धान खरीदी जैसे संवेदनशील और तकनीकी कार्य का कोई पूर्व अनुभव नहीं है।

परिणामस्वरूप, कई खरीदी केंद्रों पर कर्मचारी कंप्यूटर सिस्टम और ऑनलाइन एंट्री की तकनीकी बारीकियों को समझ ही नहीं पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम बम्हनी, बरोंड़ा बाजार, एवं पिटीयाझर एवं अन्य खरीदी केन्द्रो में आए किसान, जो धान बेचने के लिए टोकन लेकर पहुंचे, उन्हें घंटों इंतजार के बाद खाली हाथ लौटना पड़ रहा हैं। इस गंभीर स्थिति से यह स्पष्ट है कि धान खरीदी जैसे बड़े अभियान को केवल कागज़ी आदेशों और अनुभवहीन कर्मचारियों के भरोसे नहीं चलाया जा सकता।

## प्रभारी बनाए गए कर्मियों में अनुभव की कमी, नहीं हो पा रही धान खरीदी

### अनुभवहीनता का खामियाजा भुगत रहे अन्नदाता

धान खरीदी एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें टोकन जारी करने से लेकर तौल, बारदाने की एंट्री, ऑनलाइन प्रविष्टि, और धान का सही उठाव सुनिश्चित करना होता है। वैकल्पिक रूप से नियुक्त किए गए कई कर्मचारी, खासकर राजस्व और कृषि विभाग के, इन कार्यों के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित नहीं हैं। अनुभवहीनता के चलते खरीदी नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों को अपना धान बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।



### तकनीकी दिक्कतें भी बन रही समस्या

खरीदी केंद्र पर मौजूद कंप्यूटर ऑपरेटर के हड़ताल पर होने से, नए कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर में धान के रकबे और खरीदी की ऑनलाइन एंट्री में भारी परेशानी आ रही है। गलत एंट्री या सर्वर डाउन होने की समस्या से खरीदी रुक रही है। साथ ही, बारदानों की उपलब्धता और प्रबंधन को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## आंदोलन : अपनी मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ का धरना-प्रदर्शन

# सहकारी समिति कर्मी आज देंगे गिरफ्तारी पहले ही दे चुके हैं सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ और ऑपरेटर संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर जारी अनिश्चितकालीन आंदोलन के क्रम में आज मंगलवार को जिला मुख्यालय में में संभाग स्तरीय जेल भरो आंदोलन की तैयारी है। इसके पूर्व जारी आंदोलन के क्रम में समिति कर्मचारियों ने सोमवार को सामूहिक इस्तीफा देते हुए अपनी मांगों को पूरा करने के लिए आवाज बुलंद की।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ और छग समर्थन मूल्य धान खरीदी ऑपरेटर संघ, के कर्मचारियों द्वारा सामूहिक इस्तीफा दिए जाने के बाद जिले के 182 धान खरीदी केंद्रों पर अनिश्चितता का संकट गहरा गया है। संघ के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू के नेतृत्व में कर्मचारियों ने 3 नवंबर से हड़ताल का ऐलान किया गया। जिले की 182 समितियों के कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया, जिससे 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी की तैयारियों पर पहले से ही असर पड़ चुका है।



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 182 केंद्रों पर 74 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति किया गया। हालांकि, सहकारी समिति कर्मचारियों की 3 नवंबर से जारी हड़ताल के कारण फड़ों में साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाएं बुरी तरह से प्रभावित हुईं। सहकारी समितियों के समस्त दैनिक, संविदा और नियमित कर्मचारियों द्वारा सामूहिक इस्तीफा पत्र राज्यपाल और मुख्यमंत्री को तहसीलदार के माध्यम से प्रेषित कर दिया गया है।

### दमनकारी नीति पर भड़के कर्मचारी

कर्मचारियों की मानें तो शासन द्वारा उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने के बजाय, आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया। लगभग 15-20 पदाधिकारियों के विरुद्ध सेवा नियम के विरुद्ध बर्खास्तगी जैसे आदेश जारी किए गए। एस्मा जैसे कानून लगाकर कर्मचारियों को धमकाया गया और पुलिस थानों में बैठाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। कर्मचारियों का कहना है कि धान खरीदी के दौरान शॉर्टेज, कोर्ट-कचहरी और बर्खास्तगी के डर के बीच कई महीनों से बिना वेतन के कार्य करना पड़ रहा है।

### एस्मा के तहत 3 कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**महासमुंद।** जिले के उपार्जन केंद्रों में अनुपस्थित एवं दिए गए जिम्मेदारी को लेकर लापरवाही पूर्वक रवैए के कारण 03 कर्मचारियों के विरुद्ध एस्मा के तहत सोमवार को एफआईआर दर्ज की गई है। अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू ने जानकारी दी कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भूकेल के घनश्याम चौधरी, सहायक समिति प्रबंधक तोरेसिंहा के राजेश प्रधान एवं बिछिया के पंकज साव पर एफआईआर दर्ज की गई है। ज्ञात है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो गई है। राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी केंद्रों में धान खरीदी की समुचित व्यवस्था की गई है, पहले दिन जिले के कुल 182 केंद्रों में से 48 प्रभारी प्रबंधक ही उपस्थित हुए। इसी तरह 56 कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित हुए। शेष अनुपस्थित प्रभारी प्रबंधक 134 एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर 126 को कलेक्टर द्वारा अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया गया था एवं आदेश के तहत ड्यूटी में उपस्थित होने कहा गया था। आदेश का पालन नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## नपाध्यक्ष ने की लोगों से मुलाकात, समस्याएं सुनी और दिया समाधान के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहरवासियों की समस्याओं से को सुनकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित करने के क्रम में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सोमवार को शहर के वार्ड क्रमांक 24 व 25 का भ्रमण किया और नागरिकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सामने आई समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त करते हुए तत्काल नपा कर्मियों को निर्देशित किया। इस दौरान वार्ड पार्षद भाऊ राम साहू भी मौजूद रहे। अध्यक्ष साहू ने दोनों वार्डों में मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए संभावित विकास कार्यों के लिए स्थल निरीक्षण भी किया। पश्चात अध्यक्ष साहू वार्ड 25 स्थित शासकीय प्राथमिक व मिडिल स्कूल पहुंचे और बच्चों की शिक्षा, मध्यान्ह भोजन आदि की जानकारी ली।

### जिले में अवैध परिवहन किए जा रहे 4266 क्विंटल धान जब्त

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व से ही जिले में अवैध परिवहन से आने वाले धान की कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पिछले एक नवंबर से 16 नवंबर तक 37 प्रकरणों में लगभग 4 हजार 266 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जिले के सीमावर्ती राज्य एवं जिलों में 16 चेकपोस्ट तैनात किए गए हैं। मार्कफेड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले एक नवंबर से 16 नवंबर के अवधि में सीमावर्ती विभिन्न जिलों से छत्तीसगढ़ राज्य में अवैध परिवहन के माध्यम से आने वाले धान में सर्वाधिक महासमुंद जिले में 4266 क्विंटल धान जब्त किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि जिले में 130 समिति के 182 उपार्जन केंद्रों में खरीदी की जा रही है। किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। सोमवार के लिए कुल 536 किसानों का टोकन कट गया है। जिसके तहत 32237 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्पर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



**खबर संक्षेप**



### धान खरीदी तो हुई लेकिन ऑनलाइन एंट्री नहीं

**नर्रा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 15 नवंबर 2025-26 से 31 जनवरी तक किसानों से समर्थन मूल्य धान की शुरूआत हो गई है। इस तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान और मुनगासेर के खरीदी केंद्रों में दूसरे दिन सोमवार को खरीदी केंद्र नर्रा में 5 किसानों से 428 कट्टा धान खरीदी की। लेकिन, पासवर्ड, आईडी स्टाल नही होने से ऑनलाइन नहीं चढ़ पाया। इसी तरह उपार्जन केंद्र परसुली में बोहनी तक नही हो पाई है। इसी तरह के अधिकांश केंद्रों में पासवर्ड आइडी स्टाल नही होने से किसानों को परेशानी हुई। इस प्रकार खरीदी केंद्र देवरी में 12 किसानों से 300 क्विंटल धान की खरीदी हुई। बांधामुड़ा केंद्र में 235.60 क्विंटल, कोमाखान केंद्र में 150 क्विंटल धान की खरीदी की गई।

### तुंहर टोकन मोबाइल एप के माध्यम से किसान घर बैठे ले रहे है धान बिक्री के लिए टोकन

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों की धान बिक्री के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी 'तुंहर टोकन मोबाइल एप' के माध्यम से किसान घर बैठे धान बिक्री के लिए टोकन ले रहे हैं। यह मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इसमें किसान आधार आधारित ओटीपी से पंजीकरण और प्रतिदिन सुबह 08 बजे से टोकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 विपणन वर्ष धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो चुकी है, जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस एप से धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समान अवसर सुनिश्चित होंगे। इस एप्प के माध्यम से सीमांत किसान (02 एकड़ या उससे कम भूमि) अधिकतम 01 टोकन, लघु किसान (02 से 10 एकड़) 02 टोकन और दीर्घ किसान (10 एकड़ से अधिक) अधिकतम 03 टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

### देवरी स्कूल में हुए अनेक कार्यक्रम

**महासमुंद।** बागबाहरा विखं के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में बाल दिवस पर प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन एवं खेल भावना को जागृत करने के लिए फुगड़ी, रस्साकसी, सुआ, कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम योगेश्वरी साहू, द्वितीय भारती बघेल, तृतीय धनेश्वरी सेन, फुगड़ी में प्रथम देविका पटेल, द्वितीय खिलेश्वरी, तृतीय मोनिका, रस्साकसी में कक्षा बारहवीं और ग्यारहवीं के मैच में बारहवीं की टीम विजेता रहे। नवमी आ और ब में नवमी आ के छात्र विजेता रहे, बैलून दौड़ में रिंकी यादव और खिलेश्वरी चक्रधारी को प्रथम, माधुरी टंडन और संगीता पटेल को द्वितीय, सुनीता देवी और मुस्कान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। खेल प्रतियोगिता में जान्हवी, भूमिका, किरण, लीलम, नीरज, नीलकंठ, मोहित, मिथिलेश आदि ने भाग लिया। संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया।

# नेशनल स्पोर्ट्स मीट भुवनेश्वर में एकलव्य विद्यालय के खिलाड़ियों ने 11 पदक जीते

## एकलव्य के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 2 रजत, 5 कांस्य सहित कुल 11 पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

4थीं नेशनल एकलव्य मॉडर्न आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) स्पोर्ट्स मीट 2025 का आयोजन 11 से 15 नवंबर 2025 तक भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित किया गया, जिसमें महासमुंद जिले के एकलव्य विद्यालय के खिलाड़ियों ने तीरंदाजी, शतरंज, कबड्डी एवं एथलेटिक्स में 11 पदक जीतने में सफलता हासिल किया। जिसमें खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण पदक, 02 रजत पदक, 05 कांस्य पदक शामिल हैं। एकलव्य के खिलाड़ियों ने तीरंदाजी चैंपियनशिप के 14 वर्ष बालक वर्ग में नमन मांझी ने इंडियन राउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, 19 वर्ष बालक वर्ग में जयंत ठाकुर ने कंपाउंड राउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, 19 वर्ष बालिका वर्ग में लिलिमा नाग ने टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। 19 वर्ष बालक वर्ग में योगेश नाग एवं टुकेश कमार ने टीम इवेंट में रजत पदक जीता। 14 वर्ष बालक वर्ग इंडियन राउंड टीम इवेंट में नमन मांझी, दिगंबर नेताम एवं उदित नारायण भोई ने कांस्य पदक जीता। 19 वर्ष बालक वर्ग व्यक्तिगत इवेंट इंडियन राउंड में योगेश नाग ने कांस्य पदक जीता। 14 वर्ष बालिका वर्ग इंडियन राउंड टीम इवेंट में कुमुदनी दीवान, डिंपल दीवान एवं रिया दीवान ने कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल किया। शतरंज टीम प्रतियोगिता में कुनाल ठाकुर ने स्वर्ण एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया। राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने कांस्य पदक जीता। जिसमें जिले से कन्हैया ध्रुव एवं अक्षय विशाल शामिक रहे। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कुंदन लाल दीवान ने कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल किया। खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर का संचालन एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग में किया जा रहा हैं जिसमें प्रतिदिन अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में भागीदारी करने एवं पदक जीतने में सफलता मिल रहीं है। पदक जीतने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, भारतीय तीरंदाजी संघ उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन सचिव आयुष मुरारका, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग शिल्पा साय, महिला एवं बॉल विकास अधिकारी टीकवेंद्र जाटवर, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पुर्नेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ बागबाहरा जिला महासमुंद अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़, डॉ. सुनील कुमार भोई, सोमनाथ साहू, रिंकल बग्गा, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक गौरव शर्मा, व्यायाम शिक्षक नीलम साहू, एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग समस्त शिक्षक स्टॉफ एवं खिलाड़ियों ने हर्ष जताया।



## परेशानी : अब तक डेढ़ दर्जन लोगों के घरों में घुसा भालू

# कोमाखान, घोयनाबाहरा में भालू के घर घुसने से लोगों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान



कोमाखान नगर समेत आसपान के पारा मोहल्ला व वार्डों के अलावा रेलवे स्टेशन के क्वार्टर रोड के अतिरिक्त घोयनाबाहरा पंचायत से लगा इंदिरा नगर के घरों में प्रतिदिन रात में भालू की दस्तक ने लोगों को परेशान कर रखा है। रात 12 बजे से 3 बजे के मध्य घरों में घुस रहा है। किसी के घर का दरवाजा तोड़ने का प्रयास, तो किसी के रसोई कक्ष में घुस कर तेल पीने, चायपत्ती व शक्कर खाने से भी बाज नहीं आ रहा है। कई सामानों को बिखेर कर नुसान पहुंचाने की भी जानकारी मिली है।

बीती रात कोमाखान स्थित हृदय स्थल जवाहर चौक में रात 7 बजे के करीब भालू शक्कू के घर घुसा। जिसे देखने पड़ोसी युवक अय्यूब खान वहां पहुंचा। परिवारजनों की सुरक्षा करने व भालू देखकर खदेड़ने का प्रयास किया तो इस दौरान भालू ने युवक अय्यूब खान को देखकर अपने कुछ ही कदम बढ़ाया था, इसी दौरान अय्यूब भालू को अपने ओर आता देख स्वयं को बचाने की कोशिश की। पर इस दौरान अय्यूब गिर गया। जिससे उसे दोनों आखों के बीच माथे में चोट लगी। पर उसकी दोनों आंखों में लगने से बाल-बाल बच गया। दूसरी ओर उधर बीती रात ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा कला के बाजार वार्ड व स्टेशन क्षेत्र से लगा इंदिरा नगर में रात 11-12 बजे के बाद, कई घरों में दस्तक दी। इंदिरा नगरवासियों के अनुसार शनिवार रात उपसरपंच नेहरू ध्रुव के घुस कर वहां भालू ने फल्ली खाया। पश्चात चंद्रभान साहू (बबलू) के घर घुसने के लिए दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद नंदू के घर में प्रवेश करने खिड़की हिलाकर तोड़ ने का प्रयास किया। पश्चात भालू बुटू यादव के घर पहुंचा। जहां उसके घर अंदर प्रवेश कर घर में रखा तेल पीकर चला गया। इसी तरह इंडिरा नगर में बढ़ई पुनित के घर भी भालू ने दस्तक दी। वहां भी कुछ देर खाने-पीने की चीजें मिलने उम्मीद में दरवाजा खटखटाया। बहरहाल, भालू की उक्त हरकत को देखते हुए यह पता चलाता है कि वह भूखा है। घरों में घुसकर खा पीकर चला जाता है। पर एक बात यह भी मानी जा रही है कि अब तक दर्जनभर से अधिक लोगों के घरों में घुसने से भालू ने किसी को जनहानि नहीं पहुंचायी है। बता दें कि बस स्टैंड, हॉस्टल, स्टेशन रोड के अलावा जवाहर चौक के वार्ड में भालू के मध्य रात्रि आमद से लोग परेशान हो गये हैं। तभा कभी कहीं आ जाने की दहशत लोगों में समाया है। गुरुवार, शुक्रवार की रात्रि जवाहर चौक के वार्ड में 5-6 घरों में भालू घुसा था।

### हॉस्टल परिसर में भालू की उपस्थिति सर्वाधिक

यहाँ यह बताना लाजमी होगा कि कोमाखान बस स्टैंड समीप प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास है। जहां अंचल के आदिवासी बच्चे वहीं निवास कर शिक्षा अध्ययन करते हैं। यहां लंबे समय से भालू का काफी आए दिन आमद होती है। बता दें कि हॉस्टल परिसर में एक बरगद के पेड़ में एक कई मधुमक्खी का छत्ता है। भालू का यह प्रिय भोजन है। जिसके लिए आता रहता है। वहीं भालू के आने से हॉस्टल के विद्यार्थी की दहशत में है। ऐसे में यहां कभी अनहोनी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। कोमाखान, इंदिरा नगर व वार्डों, मोहल्लों में भालू की आमद से मुक्ति दलाने विभाग को ही कुछ करना होगा।

### भालू को बार अभ्यारण में छोड़ने की मांग

बहरहाल, लगातार भालू की आमद व घर घुसने की घटना के बाद भी वन विभाग इस मामले में जरा भी गंभीर नहीं है। जिससे कोमाखान, घोयनाबाहरा इंदिरा नगर वार्ड के लोगों में आक्रोश है। भालू की इस से परेशान लोगों ने सुझाव दिया है कि घर-घर में घुस रहे भालू को पकड़कर वन विभाग इसे बार अभ्यारण में छोड़ने की मांग की है।

## बाम्हणडीही में भालू ने मचा रखा है कोहराम आए दिन घरों को बना रहा है निशाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

कोमाखान तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पटपरपाली के आश्रित ग्राम ब्राम्हणडीही में पखवाड़ेभर से भालू ने कोहराम मचा रखा है। पंचायत के पंच मुकेश गुप्ता ने बताया कि गांवों में शाम होते ही भालू गांवों की ओर पहुंच रहे है, कभी तो दिन दहाड़े घरों में रखे तेल, गुड़, चावल जैसे अनेक प्रकार के राशन सामग्री को क्षतिग्रस्त कर नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीणजन भयभीत हैं। उन्होंने बताया कि घर में रखे खाद्य पदार्थ तेल गुड़, दाल, चावल इत्यादि खाने पीने के राशन सामग्री को नुकसान पहुंचा रहा है। साथ ही घर के दरवाजे को तोड़ कर टिन डिब्बे में रखे तेल को पी रहे हैं। भालू के डर से ग्रामीणजन शाम होते ही घर में दुबक जाते है। रात में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। इन दिनों खेतों में फसल की कटाई जोरों से चल रही है। लेकिन भालू के चलते डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा की मांग की है।

## भाजपा सरकार में धान खरीदी व्यवस्था लड़खड़ाई : रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि धान खरीदी और भाजपा सरकार की व्यवस्था लड़खड़ा गई हैं। हकीकत ये है कि किसानों की परेशानी बढ़ रही है और सरकार के दावों की पोल पूरी तरह खुल गई है। किसान परेशान हैं, भाजपा सरकार के पास ना प्रबंधन, ना तैयारी है। बस सरकार की लापरवाही और किसानों की बेबसी है। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने छत्तीसगढ़ को हड़तालगढ़ बना दिया है। कर्मचारियों की हड़ताल प्रशासनिक तंत्र की विफलता को उजागर कर रही है। यह धरना दिखाता है कि असंतोष पूरे प्रदेश में फैल चुका है। विष्णुदेव सरकार धान खरीदना नहीं चाहती। उन्होंने कहा कि हमारे 5 सालों में धान खरीदी से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ और जमीनों के दाम बढ़े अब भाजपा के मित्रों को जमीन खरीदना है, तो वे महंगी जमीन कैसे खरीदें? इसलिए सरकार द्वारा धान खरीदी को प्रभावित करने का षडयंत्र किया जा रहा है। आगे डॉ रश्मि ने कहा कि सरकार हड़ताल खत्म करवाने पर ध्यान नहीं दे रही, उल्टे एस्मा लगाकर कर्मचारियों को धमकाया जा रहा। एक तो धान खरीदी की तिथि 15 दिन बाद से शुरू हुई, ऊपर से घोषित तिथि से भी सभी केंद्रों में खरीदी नहीं होना सरकार का षड्यंत्र है। आज प्रदेश में धान खरीदी पूरी तरह अव्यवस्थित है। कई केंद्रों में ताला लगा है, कर्मचारी हड़ताल पर हैं, टोकन नहीं मिल रहे, बारदाना नहीं पहुंचा है। सरकार धान खरीदी में फेल है। भाजपा की कथनी करनी का अंतर हमेशा से अलग रही।



छत्तीसगढ़ में सरकार में रहते भाजपा ने वायदा किया कि धान का 2100 रुपए समर्थन मूल्य देंगे, नहीं दिया। 5 साल तक 300 रुपए बोनस देंगे, 5 साल नही दिया। धान का एक-एक दाना खरीदेंगे, नहीं खरीदा। 10 क्विंटल खरीद रहे थे कांग्रेस के विरोध के बाद बढ़ाया। 2014 के चुनाव के पहले मोदी ने वायदा किया था। स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों लागू करेंगे लागत मूल्य पर 50 प्रतिशत जोंडकर समर्थन मूल्य देंगे, नहीं दिया। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करेंगे। 2022 बीत गया लेकिन किसानों की आय दो गुनी नहीं हुई।

# सरायपाली और बावनकेरा में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

सरायपाली और बावनकेरा धान खरीदी केंद्रों में मंगलवार को धान खरीदी सीजन का विधिवत शुभारंभ हुआ। सरायपाली केंद्र में पहले ही दिन 9 किसानों ने कुल 481 क्विंटल धान की बिक्री की, जबकि बावनकेरा केंद्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर खरीदी की शुरुआत की गई।



उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, विधायक प्रतिनिधि (राजस्व विभाग) शम्मी सलूजा, भाजपा नेता एवं झलप सरपंच राकेश साहू, भाजपा झलप मंडल के अध्यक्ष गोलू चंद्राकर, अध्यक्ष देवेंद्र राय, प्रभारी अधिकारी कुरेंद्र ठाकुर, व्यवस्थापक तरुण वर्मा, भटगांव सरपंच कुलेश्वर दीवान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और किसान उपस्थित थे। इस दौरान यशवंत साहू, धनेश साहू, ठगेंद्र दीवान, टुमेश्वर दीवान, यादराम साहू, बुधुराम, रेखराम दीवान, लोमस साहू, आनंदी सोनी, डिनकुमार, नरेंद्र दीवान, मेघनाथ, वेदराम भारत, गुलाबचंद, डेविड कुर्रे, ललित राय, मुकेश खूंटे, चमन लाल चौहान, लाल गोपाल दीवान, लखन राय, डोमार ध्रुव, इंदरमन, नीलकंठ, अमित, गुमान, अशोक, मनीष, नरोत्तम, पुष्कर, सेवक, भूपेंद्र, योगेश, संतोष सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कांटा-बांट की पूजा कर खरीदी कार्य का शुभारंभ किया। इसके विपरीत, झलप, डुमरपाली-ढांक, सरेकेल, चौकबेड़ा, रायतुम जैसे कई महत्वपूर्ण केंद्रों में अभी खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहने के बावजूद नवपदस्थ प्रभारियों के आईडी जनरेट न होने के कारण प्रक्रिया बाधित है। परिणामस्वरूप, इन केंद्रों में बुधवार से पहले धान खरीदी शुरू होने की संभावना कम मानी जा रही है, जिससे किसानों में निराशा का माहौल है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 21 मरीजों में सायकोसिस 6, डिप्रेशन 3, जीएडी 2, एमआर 1, एल्कोहल विड्रॉल 2, बीपीडी 3 मरीजों को निःशुल्क मेडिसिन के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। डॉ आई नागेश्वर राव सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैम्प आयोजित किया गया। मानसिक तनाव को कम करने के लिए टिप्स भी दिया गया। कैम्प में आए मरीजों और उनके परिजनों काउंसिलिंग भी किया गया। साथ ही टेलीमान्स सेवा के लिए नंबर 14416, 077723-299858, समान्य स्वास्थ्य के लिए 104 नंबर पर संपर्क करने की जानकारी दी। शिविर में डॉ तारा अग्रवाल बीएमओ पिथौरा, डॉ चित्रेश डडसेना सहायक नोडल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, जयकांत विश्वकर्मा बीपीएम आदि का सहयोग रहा।

## दंडीस्वामी विशुद्धानंद सरस्वती महाराज ने प्रधानमंत्री व रेल मंत्री से की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भारत सरकार रेल मंत्रालय द्वारा दुर्ग से हरिद्वार के लिए दो फेरों में चलाए जा रहे स्पेशल ट्रेन के दूसरे एवं अंतिम फेरे के ट्रेन नंबर 08743 में दुर्ग से हरिद्वार यात्रा कर रहे दंडी स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती महाराज (काशी) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री को अपील करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़वासियों को धर्म प्रेमियों को रोज गंगा मैया के दर्शन हों। हरिद्वार के दर्शन हों, इसलिए दुर्ग हरिद्वार स्पेशल को रोज चलाएं। साथ ही समता एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाएं। इस प्रयास में सतत जुटे रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही द्वारा यात्रियों एवं दंडी स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती एवं शिष्यों का रेलवे के लोको पायलट अशोक कुमार का माला पहनाकर सम्मान किया। स्वागत सम्मान से अभिभूत होकर स्वामी ने शास्त्रों में उल्लेखित गंगा मैया एवं हरिद्वार के महत्व को संस्कृत श्लोक के माध्यम से रेखांकित करते हुए कहा कि धर्म प्रेमी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री एवं भारत सरकार को इसका बड़ा पुण्य मिलेगा। क्योंकि, छत्तीसगढ़ से हरिद्वार के लिए कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं है, जिसकी मांग छत्तीसगढ़वासियों द्वारा लगातार की जा रही है। साथ ही समता एक्सप्रेस को निजामुद्दीन से हरिद्वार तक बढ़ाने की मांग निरंतर की जा रही है।

- समता एक्सप्रेस को हरिद्वार से चलाएं दुर्ग से हरिद्वार स्पेशल को रोज चलाएं

शांति कुंज हरिद्वार द्वारा भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। स्वामी के उद्गार एवं भावनाओं का अभिनंदन करते हुए चरण बद्ध अभियान चला रहे पाणीग्राही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं मां गंगा के भक्त हैं, यह हम सब जानते है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ियों की आवाज को साधु-संतों की वाणी को सुनेंगे एवं हरिद्वार के लिए सीधी ट्रेन नियमित चलाने की मांग को पूरा करेंगे।

# धान खरीद पाने में सरकार असफल, मृत सचिवों को बना दिया प्रबंधकः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खरीफ सीजन 2025-26 के लिए धान खरीद पाने में सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। पटवारियों के इनकार के बाद अब शासन ने पंचायत सचिवों को प्रभारी प्रबंधक बनाने का आदेश जारी किया है। इनमें कई ऐसे भी हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। इससे पंचायतों का काम तो प्रभावित होंगे ही, साथ ही समितियों में धान खरीदी हो पाना असंभव सा नजर आ रहा है। उक्त बातें पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कही।

चंद्राकर ने कहा कि शासन प्रशासन धान खरीदी को लेकर गंभीर नहीं है। आनन-फानन में अव्यवस्थित तरीके से समिति में धान खरीदना चाहती है। जिन पंचायत सचिवों को प्रभारी बनाया गया है उनमें कई सचिवों की मृत्यु हो गई है। ऐसे में जिन सोसायटियों का प्रभार मृत सचिवों को दिया गया है, वहां वे मृत सचिव कैसे ज्वॉइन कर पाएंगे। वहां धान खरीदी कैसे संभव है? पिथौरा आरंगी सोसायटी में मृत रवि लाल चौहान, बड़े टेमरी में दूबराज साहू को प्रभारी बनाया गया है। इन सचिवों का देहांत हो चुका है। वहीं, महासमुंद में ललित यादव और शंकर साहू जो निलंबित हैं उनका ड्यूटी बेलटुकरी व बड़गांव में लगाया गया है।

पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि पहले पटवारियों को प्रभारी बनाकर पटवारियों के काम को प्रभावित करने का प्रयास किया गया, अब पंचायत सचिव को प्रभारी बनाकर दबाव पूर्वक उन्हें पंचायतों में ताला लगाने विवश कर रहे हैं। यदि पंचायत सचिव धान खरीदी करेंगे तो पंचायतों के मूलभूत विकास कार्य, निर्माण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन, पंचायत का लेन-देन, बैठक प्रक्रिया, पीएम आवास योजना के तहत हितग्राही संपर्क, ग्राम सभा की बैठक, कर दाताओं की जानकारी, एंट्री कार्य पूरी तरह प्रभावित हो जाएंगे। इसके अलावा यदि सचिव समितियों में ड्यूटी देंगे तो सुबह से देर रात तक उन्हें समितियों में बैठना पड़ेगा। पंचायतों के लिए उनके पास समय ही नहीं बचेगा। चंद्राकर ने कहा कि शासन अपनी हठधर्मिता और मनमानी के चलते पूरी प्रशासनिक व्यवस्था को अस्त-व्यस्त करने पर तुली हुई है। यदि, समिति प्रबंधकों, ऑपरेटरों की सभी जायज मांगों को मान लिया जाता तो आज पटवारियों, पंचायत सचिवों, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, आरईओ सहित शासकीय कर्मचारियों को मूल कार्य से हटाने की आवश्यकता ही नहीं होती। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा भाजपा की साय सरकार में निर्णय लेने की क्षमता के अभाव में प्रदेश का संपूर्ण व्यवस्था तहस-नहस हो चुकी है। आज धान खरीदी तिथि के तीन दिन बीत जाने के बाद भी समितियों में ना ही बारदाने पहुंच पाए हैं, और ना ही कर्मचरियों, रेजा, हमालों की व्यवस्था हो पाई है। यहां तक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, नमी मापक मॉश्चयर मशीन का सत्यापन हो पाया है। ऐसी विसंगतिपूर्ण अव्यवस्थाओं के बीच में किसानों का धान कैसे बिकेगा इस पर संशय बना हुआ है। किसान समितियों के चक्कर काट रहे हैं। 182 उपार्जन केंद्रों में से 95 प्रतिशत समितियों में टोकन तक नहीं कट पाए हैं। धान खरीदी की बोहनी तक नहीं हो पाई है। शासन की लापरवाही का नतीजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। पूर्ववर्ती भूपेश शासनकाल में 1 नवंबर से 31 जनवरी तक 3 महीने तक भरपूर धान खरीदा जाता था। आवश्यकता पड़ने पर तिथि बढ़ाई जाती थी। कांग्रेस शासनकाल के दौरान कभी इस प्रकार की परिस्थिति उत्पन्न नहीं हुई, जिसमें किसी अन्य विभागीय कर्मचारियों को धान खरीदी कार्य में लगाना पड़े। लेकिन, भाजपा की साय सरकार विगत 2 वर्षों में ही धान खरीद पाने में असफल हो गया है। प्रदेश के किसानों में चिंता है कि, सरकार का जो रवैया है इससे उनकी उपज की बिक्री हो पाएगी या नहीं? सरकार की नीयत धान खरीदी को लेकर स्पष्ट नहीं है। यह सरकार किसानों से धान खरीदना ही नहीं चाहती, इसलिए तरह-तरह की बाधाएं उत्पन्न कर जान-बूझकर धान खरीदी में देरी किया जा रहा है। ताकि, कम किसानों से कम धान खरीदना पड़े।





### पीएम आवास निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**महासमुंद।** शहर के वार्ड नंबर 29 में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राही विष्णु कंडरा के भूमिपूजन पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा ने किया। इस अवसर पर साजन यादव, परमानंद साहू, मेघराज चंद्र सेन, किरण ध्रुव, गायत्री ध्रुव, शिवानी ध्रुव, केसर कंडरा, विष्णु कंडरा, भगवत दास मानिकपुरी और समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक परीक्षा में मुकेश उत्तीर्ण

**सरायपाली।** विगत दिनों थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सरायपाली अंचल के मुकेश साहू अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक बने। वे छत्तीसगढ़ की ओर से इस परीक्षा में शामिल होने वाले एकमात्र निर्णायक थे। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होकर साहू ने सरायपाली अंचल के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर आईएमबीएच उमावि कुटेला के प्राचार्य फादर जूलियानूस एक्का, प्रधान पाठक डीआर कश्यप, बुनियादी प्राथमिक शाला कुटेला के प्रधान पाठक अगस्था दास आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



### एफएलएन मेले में छात्रों ने किया प्रदर्शन

**महासमुंद।** एफएलएन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बुनियादी साक्षरता भाषा गणित दक्षता लाने निपुण बनाने बच्चों ने शानदार प्रदर्शन स्टाल लगाकर किया गया। जिसमें अतिथि महेंद्र ध्रुव सरपंच शामिल हुए। अलग अलग स्टाल में बच्चों से अवगत हुए और प्रश्नों का जवाब सुनकर खुश हुए। बच्चों द्वारा भाषा, गणित, अंग्रेजी का टीएलएम बनाकर प्रदर्शन किया गया। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक एवं पालक सरपंच शिक्षक मनोज कुलदीप, अशोक निषाद, प्रधानपाठक अंजू ध्रुव, एसएमसी सदस्य व बच्चे उपस्थित थे।

### बाल दिवस पर बम्हनी स्कूल में हुए अनेक आयोजन

**महासमुंद।** विखं महासमुंद के शासकीय उमावि बम्हनी में बाल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें मोमबत्ती जलाओ, गीत, भाषण प्रतियोगिता और कुर्सी दौड़ हुई। इसमें छात्रों ने उत्साह से भाग लिया। मंच संचालन रितेश जोशी व्याख्याता ने किया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य जीएस कागजी ने भी अपने उद्बोधन में चाचा नेहरू के बारे में बच्चों को बताया। मिठाई खिलाकर बच्चों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य जीएस कागजी, व्याख्याता दिनेश्वरी ध्रुव, वंदना शुक्ला, सविता गायकवाड़, मधुलिका यादव, आशा कोसरीया, मीनाक्षी पांडे, अनीता जांगडे, रितेश जोशी, नोमेंद्र दास वैष्णव, नीलम सिन्हा, पेमेश्वरी साहू आदि उपस्थित रहे।

# सेजेस तुमगांव में एफएलएन मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



पीएमश्री सेजेस तुमगांव में बाल दिवस पर आयोजित फन फेयर और फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) कार्यक्रम ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। प्राचार्य एल कुरील के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल, स्वादिष्ट व्यंजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बलराम कांत साहू अध्यक्ष नगर पंचायत तुमगांव के उद्घाटन भाषण से हुई। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा और खेल दोनों जीवन के अभिन्न अंग हैं। विशिष्ट अतिथि रेखराज शर्मा, डीएमसी महासमुंद ने एफएलएन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों की सराहना की। अध्यक्षता लंकेश कुरील ने की, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में संपा बोस, प्रियंका पटेल और रोहित साहू (पार्षद) उपस्थित रहे।

प्राचार्य एल कुरील ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा, बच्चों का सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य है। ऐसे आयोजन उनके आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ाते हैं। मेले में बच्चों और अभिभावकों ने पानी पूरी, समोसा, मोमोज, पकौड़ा, चाट, भेल, चाय, कॉफ़ी, इडली, ढोकला, कस्टर्ड और कोल्ड ड्रिंक का भरपूर आनंद लिया। स्टॉलों पर लंबी कतारें बच्चों की उत्सुकता का प्रमाण थीं। पजल, बॉल थ्रो, डांस कॉम्पिटिशन जैसे खेलों ने बच्चों में जोश भरा। विजेताओं को पुरस्कार देकर उत्साहित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में बच्चों के नृत्य और गायन ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस आयोजन में शिक्षकगण आईएल साहू, केआर साहू, अश्विनी धीवर, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, सत्येन्द्र गेंद्रे, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, नवीन दास, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, तरुण सिन्हा, एलएन साहू, लोकेश साहू, डोलेश होता, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकड़ा, सोनाली साहू, मोनिका यादव, प्रगति साहू, लिली मजखंड, नलिनी ध्रुव, चेतना फेकर और रेणुका साहू का सराहनीय योगदान रहा।

### वृंदावन विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**महासमुंद।** वृंदावन विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से बड़े ही उल्लास के साथ बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उप प्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में मां सरस्वती व स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा नृत्य, गायन, भाषण आदि विविध कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ ही साथ बच्चों के लिए विविध मनोरंजक क्रीडा प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें विजयी छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। उक्त क्रीडा प्रतियोगिताओं को शिक्षक प्रवीण साहू, होमेश साहू द्वारा संपादित कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचालक एमआर विश्वनाथन ने कहा कि बाल दिवस हमें यह सिखाता है कि हमें अपने अधिकार का सम्मान करना चाहिए, एक अच्छे नागरिक बनने के लिये अपने समाज व देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी को निभाना होगा। इसी कड़ी में संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने कहा कि हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं नेहरू के जन्मदिवस को पूरे देश में इस दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# खट्टी में हुई नवोदय विद्यालय अभ्यास परीक्षा, 25 स्कूली बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में माह अगस्त से जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर संडे की पाठशाला का संचालन संकुल समन्वयक अशोक कुमार साहू एवं संस्था की प्रधान पाठक लीना पांडेय के निर्देशन में किया जा रहा है। संडे की पाठशाला में प्रत्येक रविवार को शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी के सहायक शिक्षक सिराज बक्श बच्चों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराते है। प्रत्येक रविवार को सुबह आठ से 12 बजे तक इसका संचालन किया जाता है। रविवार को चौथी अभ्यास परीक्षा ली गई।

बच्चों को समय समय पर मार्गदर्शन देने के लिए डाइट के शिक्षक ईश्वर चंद्राकर, सहायक शिक्षक अजय बंजारे, सहायक शिक्षक विजय राजपूत का भी योगदान रहता है। शाला में चौथी अभ्यास परीक्षा का निःशुल्क आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के 23 बच्चों सहित शासकीय प्राथमिक विद्यालय जीवतरा के 02 बच्चों ने भाग लिया। ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए इस बार शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में विशेष प्रयास किया जा रहा है, जो कि बच्चों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। संस्था प्रमुख लीना पांडेय ने कहा कि अभ्यास से ही सफलता मिलती है, इसलिए हमारी कोशिश है कि संस्था के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिल सके, जिसके लिए लगातार अभ्यास परीक्षा ली जा रही है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक अशोक साहू ने कहा कि शासकीय स्कूलों में इस प्रकार की परीक्षा नियमित होनी चाहिए, इससे बच्चों में परीक्षा का भय समाप्त होता है। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में इस बार नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा को लेकर बेहतर माहौल तैयार हुआ है।

# शिशु संस्कार केंद्र में मनाया गया बाल दिवस महोत्सव, विविध प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



स्थानीय शिशु संस्कार केंद्र उच्च माध्य विद्यालय में बाल दिवस महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गयीं। इन प्रतियोगिताओं में शाला के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शाला के प्रायमरी विभाग में रंगोली, मूर्ती कला, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, पुष्प रंगोली, पंडित जवाहर लाल नेहरु का पोर्ट्रेट बनाना, आरती थाल सजाना मिडिल विभाग में गुलदस्ता बनाना, फायरलेस कूकिंग, पोर्ट्रेट स्केचिंग, रंगोली, मेंहदी इत्यादि प्रतियोगिताएं हुईं।

बालदिवस कार्यक्रम का शुभारंभ शाला व्यवस्थापन समिति के सचिव शरद मालू, प्राचार्य अवनीश वानी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव, उपप्रधानाचार्य भावना गांधी तथा छात्र प्रतिनिधि से शाला नायक चिरंजीव बंसोड़ शाला नायक बालिका ओजस्वी महंती द्वारा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य ने चाचा नेहरु के जीवन के अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 2री तक के बच्चों हेतु विविध स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं तथा कक्षा 3री, 4थी एवं 5वीं के बालक–बालिकाओं हेतु तोरण बनाओ, माला बनाओ, मिट्टी से खिलौने/मूर्तियां, कलश सजाओ, थाली सजाओ, ड्राइंग, ग्रीटिंग कार्ड निर्माण, मेहंदी एवं फूलों/रंगों से अल्पना–रंगोली जैसी आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। बच्चों ने सभी प्रतियोगिताओं में अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, कौशल और प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं में विशेष रूप से किरण निषाद, श्रद्धा सोनी, कुमारी पूनम यादव तथा सभी शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण, सराहनीय योगदान रहा।

माध्यमिक विभाग- फायरलेस कुकिंग प्रभारी शिक्षिकाएं भगवती चंद्राकर, रेखा दुबे चित्रकला प्रतियोगिता प्रभारी शिक्षिका सीता साहू, रंगोली प्रतियोगिता प्रभारी शिक्षिका कविता घोड़ीचोरी, गुलदस्ता बनाओ प्रतियोगिता प्रभारी शिक्षिका बरखा तंबोली हाई एवं हायर सेकंडरी विभाग हेतु क्विज़ का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में एक सौ छत्तीस विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता दर्ज किया। संपूर्ण प्रतियोगिता पांच खंडों में विभाजित थी। छत्तीसगढ़ पर आधारित सामान्य ज्ञान जिसका संचालन सचिव शरद मालू प्राचार्य अवनीश वानी, चंद्रकांता ठाकुर, विजय कुमार सोनी ने विभिन्न पांच चक्रों में किया। जिसमें पास राउंड, लकी ड्रा राउंड, आई क्यू राउंड, रैपिड फायर राउंड और हज़रत राउंड थे। तत्पश्चात भाषा विभाग खंड में क्विज का संचालन डीपी साहू, राजेश्वरी गुप्ता, सुनीता चंद्राकर शाहिना खान, विद्या खरात एवं स्वाति बैस ने पांच चक्रों में किया। इसके पश्चात विज्ञान विभाग के शिक्षकों द्वारा पांच राउंड में क्विज का संचालन किया गया। जिसमें किशोर गुप्ता, योगेंद्र देवांगन, रश्मि महंती, डिगेश्वरी दीवान, राधिका साहू प्रमुख थे। फिर कामर्स विभाग के द्वारा क्विज का संचालन किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से अमिताभ शर्मा, नम्रता पांडे एवं निर्मला यादव रहे। अगले राउंड में सामाजिक विज्ञान भूगोल इतिहास और राजनीति विज्ञान का क्विज हुआ जिसके संचालन प्रभारी सुनीता वानी, सरोज वस्त्रकार थे। क्विज के टाईम कीपर नम्रता कन्नौजे एवं स्कोरर हेमलता स्वर्णकार रही। इस क्विज में विजेता ग्रीन हाउस 135 उप विजेता का रेड हाउस 90 अंक एवं तृतीय स्थान पर यलो हाउस 80 अंक एवं चतुर्थ स्थान पर ब्लू हाउस 65 अंक। शाला में पहली बार इतने बडे पैमाने पर क्विज किया गया।

# वाणिज्य परिषद का गठन, प्रीति अध्यक्ष एवं नितेश उपाध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्य करूना दुबे के निर्देशन पर वाणिज्य परिषद का गठन एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें वाणिज्य विभाग के छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विभागाध्यक्ष वाणिज्य अजय कुमार राजा द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया एवं परिषद गठन की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराते हुए परिषद के उद्देश्यों एवं पदाधिकारियों से विभाग की अपेक्षाओं की जानकारी विस्तार में दी। इस वर्ष मनोनीत हुए स्नातकोत्तर परिषद के सभी पदाधिकारियों से विभाग को आगे बढ़ाने व अध्ययन अध्यापन का एक खुशहाल वातावरण बनाने का आह्वान किया।

सत्र 2025 -26 के वाणिज्य परिषद में अध्यक्ष पद पर प्रीति मांझी एम कॉम तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष पद पर नितेश धृतलहरे एमकॉम प्रथम सेमेस्टर, सचिव पद पर श्रेयांश सोनी एम कॉम तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव जया ठाकुर एमकॉम प्रथम सेमेस्टर एवं सांस्कृतिक प्रभारी नुसरत फातिमा एम काम प्रथम सेमेस्टर का मनोनयन किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य करुणा दुबे द्वारा छात्र-छात्राओं को उद्बोधन में प्रेरणात्मक बातों को बताया। उन्होंने कहा कि परिश्रम एवं कर्म कभी व्यर्थ नहीं जाता एवं वाणिज्य परिषद की पदाधिकारीयों को शुभकामनाएं प्रेषित की। तत्पश्चात प्राचार्य एवं वाणिज्य विभाग के प्राध्यापकों द्वारा मेहंदी एवं बुके बनाओ प्रतियोगिता का निरीक्षण किया गया। निर्णायकों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का निर्णय लिया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान साहू बीकॉम तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय मुस्कान साहू बीकॉम तृतीय वर्ष एवं तृतीय कोनिका गजेंद्र बीकॉम तृतीय वर्ष रहे। बुके प्रतियोगिता में प्रथम नुसरत फातिमा एम कॉम प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय देवयानी चंद्राकर एमकॉम तृतीय सेमेस्टर एवं तृतीय प्रीति मांझी एमकॉम तृतीय सेमेस्टर द्वारा स्थान अर्जित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नुसरत फातिमा एवं आभार व्यक्त राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक ने किया। इस अवसर पर मनबोध चौहान, मनीषा प्रधान, परवीन नज़िम, अंकिता साहू एवं भूपेश पात्र आदि मौजूद रहे।



### केजी कान्वेंट में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**सरायपाली।** देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर हर साल की तरह इस वर्ष भी केजी कान्वेंट स्कूल में 'बाल दिवस' पर्व बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर को रंगीन गुब्बारों और सजावटी सामानों से सजाया गया था, जो बच्चों की खुशी को और बढ़ा रहा था। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षकों द्वारा किए गए नृत्य, गायन और लघु नाटिका ने बच्चों को खूब हंसाया और तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। विशेष आकर्षणः बच्चों ने देखा कि उनके रोज के शिक्षक जब स्टेज पर कलाकारों की तरह प्रदर्शन कर रहे थे, तो वे आश्चर्यचकित और बहुत उत्साहित थे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए कई रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कार भी वितरित किए गए। स्कूल के प्राचार्य ने बच्चों को 'चाचा नेहरू' के नाम से प्रसिद्ध पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और बच्चों के प्रति उनके प्रेम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नेहरू जी मानते थे कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन और प्यार मिलना चाहिए।

### न्यू होली फेथ में बाल दिवस पर अनूठा आयोजन

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरु के जन्मदिवस को बाल दिवस रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का गणेश भारत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के छायाचित्र पर चंदन तिलक, दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण से हुआ। आयोजन में संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन एवं विद्यालय की प्राचार्या शर्वरी पींचा मुख्य रूप से मंचस्थ रहे। सभा संबोधन में चेयरमैन महेंद्र ने बच्चों को बालदिवस मनाने के कारण स्पष्ट किए बताए कि हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बालदिवस के रूप में मनाते हैं। नेहरू बच्चों से बहुत स्नेह करते थे, बच्चों की शिक्षा, कल्याण एवं उनके अधिकार प्राप्ति के लिए सदैव तत्पर रहते थे। प्राचार्या शर्वरी पींचा ने नन्हें मुन्हे बच्चों को दिनों दिन उत्तरोत्तर प्रगति करने, लक्ष्य प्राप्त हेतु आशीष वचन दिए। इस शालेय उत्सव पर विद्यालयीन शिक्षकवृंद द्वारा सुनियोजित हास्य शिक्षाप्रद अभिनय प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विविध प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें से राज्यों के परिधान धारण, सोशल मीडिया, राजनीतिक, व्यवसायिक, आध्यात्मिक, बॉलीवुड फिल्म अभिनेता, प्राकृतिक फल, फूल, वनस्पति आदि शामिल है। अलग अलग वेशभूषा में सभी बच्चे बहुत ही सुंदर लग रहे थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका पूजा कामदार एवं आकांक्षा मिश्रा ने किया। अभिनय पात्रों में आयुष जयेश जैन, रेखा विश्वकर्मा, वसुंधरा, अनिशा यद्, प्रभारी आरती झा का सहयोग रहा।

## ऑनलाइन भूगोल प्रायोगिक में जिला से तुलेंद्र व भावना ने किया प्रदर्शन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ एससीईआरटी रायपुर द्वारा प्रायोजित भूगोल प्रायोगिक प्रशिक्षण को गत शिक्षा सत्र दिसंबर 2024 में पांच दिवसीय प्रशिक्षण क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल (आरआईई) एनसीईआरटी नई दिल्ली की शाखा में भूगोल प्रायोगिक विषय के लिए कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम ऑन प्रेक्टिकल वर्क्स इन जियोग्राफी फार सेकेंडरी स्टेज टीचर्स ऑफ वेस्टर्न रीजन से 6 राज्यों के भूगोल व्याख्याताओं का मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ महासमुंद जिला से 2 व्याख्याता सहभागिता किये थे। उक्त प्रशिक्षण का विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन किया जा रहा है कि नहीं इसे निरीक्षण करने के लिए 13 नवंबर को प्रोफेसर डॉ अल्का सिंह भूगोल विभाग क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल के मार्गदर्शन में ऑनलाइन मोड पर सीधे स्कूल से बच्चों के साथ भूगोल प्रायोगिक अध्यापन का निरीक्षण किया गया। इस ऑनलाइन कक्षा कक्ष भूगोल प्रायोगिक अध्यापन में महासमुंद जिला से तुलेंद्र सागर व्याख्याता ने सेजेस स्कूल पटेवा एवं भावना पांडब व्याख्याता बावनकेरा स्कूल से जुड़कर भूगोल प्रायोगिक अध्यापन का ऑनलाइन पर्दशन किया गया। ज्ञातव्य हो ऑनलाइन अध्यापन को इन सीईआरटी नई दिल्ली द्वारा वीडियो क्लिप बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर यूट्यूब के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

# जनजातीय परंपरा लोक चिकित्सा और संस्कृति संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम : प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के पारंपरिक जनजातीय समुदायों बैगा, गुनिया और हड़जोड़ को 5000 रुपए के वार्षिक सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय एक ऐतिहासिक तथा दूरदर्शी पहल है। भाजपा युवा नेता प्रमोद कुमार सागर ने बताया कि यह निर्णय राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके केंद्र में जनजातीय संस्कृति, परंपरा और लोक चिकित्सा के संरक्षण एवं संवर्धन की भावना निहित है।

दूरस्थ अंचलों में रहने वाले ये समुदाय वर्षों से लोक चिकित्सा, जड़ी-बूटी उपचार और ग्रामीण समाज की सेवा से जुड़े रहे हैं। इनकी परंपरा न केवल चिकित्सा प्रणाली का सशक्त स्वरूप है, बल्कि छत्तीसगढ़ी जनजातीय संस्कृति की आत्मा भी मानी जाती है। शासन द्वारा दी जाने वाली यह आर्थिक सहायता इनके सम्मान, आत्मनिर्भरता और आजीविका सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान इसकी परंपरा, संस्कृति और जनजातीय विरासत में निहित है। बैगा, गुनिया और हड़जोड़ समाज हमारी सांस्कृतिक धरोहर के संवाहक हैं। शासन का यह निर्णय उनके ज्ञान, सेवा और परंपरा को सम्मान देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। जनजातीय विकास विभाग ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य परंपरागत उपचारक समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त करना और उनकी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली तथा लोकज्ञान को आगे बढ़ाना है, जिससे युवा पीढ़ी भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने इस निर्णय का हृदय से स्वागत किया है। उनका मानना है कि इस पहल से इन समुदायों को सामाजिक सम्मान और आर्थिक मजबूती दोनों प्राप्त होंगी। छत्तीसगढ़ शासन की यह योजना 'गांव, गरीब और जनजातीय समाज के विकास' की नीति के अनुरूप है। यह निर्णय न केवल इन समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगा।

# शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर छग शिक्षक संघ ने की डीईओ से भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई महासमुंद द्वारा शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा एवं प्रमुख संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे से मुलाकात की गई।

इस दौरान छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार आज पर्यंत परामर्शदात्री की बैठक आयोजित नहीं की गई है, जो कि अत्यंत खेत का विषय है। तत्काल विकासखंड एवं जिला में परामर्शदात्री की बैठक आयोजित कर शिक्षकों की छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण किया जाना चाहिए। प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षकों के युक्ति कारण के पश्चात कुछ संकुल समन्वयकों को उनके मूल स्थान पर कार्य कराया जा रहा है। जबकि, उनका स्थानांतरण कहीं और हो चुका है। अतः तत्काल शिक्षा और शिक्षार्थी के हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें स्थानांतरित शाला में भेजी जाए। इसी प्रकार युक्तियुक्तकरण पश्चात किस नियम के तहत शिक्षक को उनके मूल विकासखंड में वापस भेजा गया है, इसकी जानकारी दें। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि संगठन द्वारा पूर्व में दी गई पत्रों का निराकरण की जानकारी संगठन को नहीं दी जा रही है, जो अत्यंत खेद का विषय है।

इसी प्रकार ज्योतिष चौधरी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडाबरी बागबाहरा कर अर्जित अवकाश स्वीकृत कर सारे राशि का भुगतान किया जाए, आजपर्यंत उन्हें भुगतान नहीं किया गया है जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभी समस्याओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी लहरे ने संगठन को आश्वस्त किया कि संगठन द्वारा बताई गई सभी समस्याओं का निराकरण जल्दी ही निराकरण कर लिया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उप प्रांताध्यक्ष टेक राम सेन, जिला सचिव अविनाश लाल, विकासखंड पदाधिकारीगण कुबेर साहू, मानिक साहू, भागवत जगत सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे। पदाधिकारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ शिक्षा शिक्षक शिक्षार्थी और राष्ट्रहित के चार पुरुषार्थों को लेकर कार्य करने वाला शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन है। अतः जिला स्तर पर शिक्षकों को किसी तरह से दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

## गोस्वामी समाज के सदस्यों के घर मेल मुलाकात

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद के पदाधिकारी हर वर्ष दीपावली के बाद जिले में निवासरत गोस्वामी समाज के सदस्यों के घर मिठाई लेकर मुलाकात करने जाते हैं। इसी क्रम में रविवार को समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के साथ रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि आदि पदाधिकारियों द्वारा लभराकला, खुटेरी, आमाकोनी, खम्हारमुड़ा, डोंगरीपाली, मामाभांचा तथा पचेड़ा में निवास करने वाले गोस्वामियों के घर जाकर मुलाकात किया गया। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों के स्वास्थ्य तथा काम -काज के संबंध में चर्चा की गई। समाज के सदस्यों ने भी पदाधिकारियों का आत्मीयता पूर्वक स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया। अगले एक महीने के अंदर सभी गोस्वामी समाज के घर जाएंगे।

# शिशु संस्कार ने रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल को आसानी से हराया

**महासमुंद।** टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित टर्मिनेटर स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी-1 के 16 नवंबर के प्रथम मैच में शिशु संस्कार स्कूल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। रिवरडेल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 175 रन बनाए। रिवरडेल स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए इशांत चंद्राकर ने सर्वाधिक 90 रन एवं विनायक साहू ने 51 रनों का योगदान दिया। शिशु संस्कार स्कूल के तरफ से गेंदबाजी में किसी भी गेंदबाज को विकेट प्राप्त नहीं हुआ। जवाब में 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शिशु संस्कार स्कूल की टीम ने 9.4 ओवर में इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। शिशु संस्कार स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी में शुभम पटेल ने 77 रन एवं शेखर अजगर ने 68 रनों का योगदान दिया। रिवरडेल स्कूल के तरफ से गेंदबाजी में प्रियांश चौरसिया ने 1 विकेट लिया। शिशु संस्कार स्कूल ने 8 विकेट से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच शुभम पटेल रहे। प्रतियोगिता के आज खेले गए दूसरे मैच में गुड शेफर्ड स्कूल ने हॉली फेथ स्कूल को 9 विकेट से हराया।

## खबर संक्षेप



### रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल को दी करारी शिकस्त

**महासमुंद।** टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित टर्मिनेटर स्कूल चैंपियंस ट्रॉफी-1 क्रिकेट प्रतियोगिता मिनी स्टेडियम में खेला जा रहा है। 17 नवंबर के प्रथम मैच में रिवरडेल स्कूल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। आत्मानंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 72 रन बनाए। आत्मानंद स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए कृष्णा ने 16 रन का योगदान दिया। रिवरडेल स्कूल के तरफ से गेंदबाजी में प्रियांश चौरसिया ने 2 विकेट प्राप्त किया। जवाब में 73 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रिवर डेल स्कूल की टीम ने 2.3 ओवर में इस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। रिवर डेल स्कूल के तरफ से बल्लेबाजी में नमन यादव ने 46 रनों की शानदार पारी खेली। रिवर डेल स्कूल ने 9 विकेट से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच नमन यादव रहे! प्रतियोगिता के आज खेले गए दूसरे मैच में रिवर डेल स्कूल ने गुड शेफर्ड स्कूल को 8 विकेट से मात देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अंतिम 4 स्कूल टीम रिवरडेल, वेडनर मेमोरियल, स्वामी आत्मानंद एवं शिशु संस्कार सेमीफाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई। अब इन टीमों के मध्य सेमीफाइनल मैच का मुक़ाबला होगा। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच एवं फाइनल मैच 19 नवंबर को खेला जाएगा।

### बिना अनुमति मजदूरों को बाहर भेजने के प्रयास पर श्रम विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले में मजदूरों को बिना अनुज्ञप्ति एवं पलायन पंजी में दर्ज किए बगैर बाहर भेजने वाले दलालों पर जिला प्रशासन ने कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में 16 नवंबर को श्रम विभाग की कार्रवाई के बाद थाना बसना में आरोपी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। 16 नवंबर को श्रम विभाग टीम को सूचना मिली कि समीर खान निवासी बसना द्वारा 22 ग्रामीण मजदूरों को अधिक मजदूरी का लालच देकर उत्तर प्रदेश स्थित ईंट भट्ठे में भेजने की तैयारी कर रहे हैं। श्रम विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर 22 मजदूरों से पूछताछ की। इस दौरान मजदूरों ने अपना अनिल चौहान, भवानी चौहान, रेवशंकर चौहान, रायमोती चौहान, गुरूदयाल कंवर बुटुकवर निवासी ग्राम उमरिया सरायपाली बताया और अग्रिम धन एवं अधिक मजदूरी दिलाने के नाम पर उन्हें बाहर ले जाए जाने की बात स्वीकार की। कार्रवाई के दौरान टीम में श्रम कल्याण निरीक्षक दानेश्वर साहू, सहायक ग्रेड 03 राकेश प्रधान, मुकेश कुमार साहू, लेखापाल हिमालय चंद्राकर मौजूद थे। मामले में श्रम उप निरीक्षक बेलारसन बघेल की शिकायत पर थाना बसना में आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

**धान खरीदी : समय पर टोकन और धान बेचा, नहीं हुई कोई परेशानी**

# किसान छबिलाल ने की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नीति की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम राजाडीह के मेहनतकश किसान छबिलाल बारी आज गर्व और संतोष से भरे हुए हैं। आज उनके 176 क्विंटल धान का टोकन कट चुका है, और यह पल उनके लिए सिर्फ धान उपार्जन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की मेहनत का सम्मान है।

धान उपार्जन केंद्र जंगलबेड़ा, सराईपाली में धान बेचने पहुंचे किसान छबिलाल बारी बताते हैं कि यहां पूरा कार्य सुचारू और पारदर्शी ढंग से हुआ। समय पर पूरी प्रक्रिया में एक भी परेशानी नहीं हुई। समय पर टोकन मिला और केंद्र में व्यवस्था बहुत अच्छी थी। वे



कहते है इस वर्ष राज्य शासन की धान खरीदी नीति ने किसानों को नई ताकत दी है। छबिलाल बारी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदी और समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल देने का निर्णय किसानों के लिए एक बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि यह नीति किसानों के हितों की रक्षा और हमारे भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध भी बनाता है। छबिलाल कहते है सरकार की इस नीति से हम जैसे किसान मजबूत होंगे, हमारी आय बढ़ेगी और हम अपने परिवार का भविष्य बेहतर बना पाएंगे।

### गढ़फुलझर में सतनामी समाज की तैयारी बैठक, गुरु दर्शन प्रकाश पर्व 2 दिसंबर को



**बसना।** गुरु घासीदास सेवा संस्थान गढ़फुलझर के गढ़ परिसर में रविवार को दोपहर 2 बजे सतनामी समाज एवं मेला कमेटी की बैठक हुई। जिसमें प्रमुख रूप से आगामी 2 दिसंबर को गुरु दर्शन प्रकाश पर्व पर चर्चा की गई। इसमें फुलझर अंचल के सभी ग्रामों से आए प्रमुख कार्यकारिणी सदस्य के समक्ष कार्यक्रम के रूपरेखा बनाई गई। बैठक में लखन कुर्रे, नरेंद्र बोरे, खोलबहारा निराला, मिलापराम, हेमंत लिलेश्वर कोसरिया, जीवन कुशाल, लाभीदास, ताजाराम, अजीत महिलांग, कन्हैया आदि मौजूद रहे। अंत में मिलाप राम ने सभा का समापन किया।

## भागवत कथा में कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का किया गया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा शहर के वार्ड नंबर 12 तेंदूलोथा में जारी श्रीमद भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ 11 नवंबर को हुआ। संतोष इंदिरा चंद्राकर द्वारा आयोजित उक्त भागवत कार्यक्रम 19 नवंबर तक जारी रहेगा। भागवत महापुराण कथा के छठवें दिन कृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुए कथावाचक आचार्य नारायण शुक्ला ने गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति के रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान कृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास रचा। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेमतरू चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, टेमन चंद्राकर, जितेन्द्र चंद्राकर, देवदत्त चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



## क्षेत्र में चल रहे मतदाता शुद्धिकरण कार्य का तहसीलदार श्रीधर पंडा ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को समय पर और गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा कराने के लिए तहसीलदार श्रीधर पंडा लगातार फील्ड में सक्रिय हैं। मतदाता सूची में शुद्धिकरण, नए नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन सहित सभी प्रक्रियाओं को सही ढंग से संपादित कराने हेतु वे स्वयं विभिन्न ग्रामों का दौरा कर स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं।

तहसीलदार पंडा ने ग्राम स्तर पर लगने वाले शिविरों, बीएलओ की उपस्थिति, दस्तावेज़ों के सत्यापन एवं दावों-आपत्तियों के निस्तारण की गति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी मताधिकार से वंचित न रहे। साथ ही उन्होंने बीएलओ एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने की कड़ी हिदायत दी। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनके आवेदन, समस्याएं एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी ली। पंडा ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है और इसे सटीकता व पारदर्शिता के साथ पूरा करना प्रशासन की प्राथमिकता है। ग्रामवासियों ने तहसीलदार द्वारा किए जा रहे निरीक्षण और त्वरित समाधान की सराहना की। प्रशासन का दावा है कि उनके मार्गदर्शन में मतदाता पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



### गुड़ेलाभाठा में बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने तथा समाज में एकता का लिया संकल्प

**महासमुंद।** ग्राम गुडेला भाठा में महान आदिवासी क्रांतिकारी धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए संदेशों को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम में समाज सेवक आत्माराम मारकंडे अपने उद्बोधन में कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज की जमीन, संस्कृति और सम्मान की रक्षा के लिए अंग्रेज शासन के खिलाफ उलगुलान जैसा ऐतिहासिक आंदोलन चलाया। बहुत कम उम्र में उन्होंने पूरे समाज को एकजुट करने का काम किया, जिसका प्रभाव आज भी दिखाई देता है। ग्राम पंचायत सरपंच ऋतु निषाद जोहत नेअपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में बिरसा मुंडा के विचार अबुआ दिशुम, अबुआ राज (हमारी धरती, हमारा राज) और सामाजिक सुधार के संदेश पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में पंच हेमिन बाई, पंच आशाबाई, पंच गौरी बाई ग्राम पटेल लक्ष्मण ठाकुर, क्लेश ठाकुर, बलराम खड़िया, पुरुषोत्तम ठाकुर, उपस्थित थे युवाओं ने आदिवासी नायकों के योगदान पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत सचिव भेखराम बरिहा ने किया।

## सोहम हॉस्पिटल में लगा फ्री स्टोन एवं प्रोस्टेट कैंप, लेजर तकनीक से 9 निःशुल्क सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोहम हॉस्पिटल में 16 नवंबर को आयोजित फ्री किडनी स्टोन एवं प्रोस्टेट चिकित्सा शिविर में कुल 9 निःशुल्क सर्जरी सफलतापूर्वक की गईं। इस विशेष शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि सभी ऑपरेशन अत्याधुनिक लेज़र तकनीक से किए गए, जिसमें एक भी टांका नहीं लगा। बिना टांके की प्रक्रिया होने से मरीजों को तेज़ और आरामदायक रिकवरी मिली तथा अधिकांश मरीज जल्दी घर लौट पाए।

यह उन्नत तकनीक क्षेत्र के मरीजों के लिए बड़ा लाभ साबित हुई। शिविर का नेतृत्व प्रमुख यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. आकाश अग्रवाल और डॉ युगल चंद्राकर ने किया। उनकी कुशल टीम ने नवीनतम उपकरणों का उपयोग कर सभी सर्जरी को सुरक्षित एवं प्रभावी तरीके से पूरा किया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह का उच्चस्तरीय और निःशुल्क शिविर सामान्यतः बड़े शहरों में ही उपलब्ध होता है, लेकिन सोहम हॉस्पिटल इसे जनहित में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करा रहा है। सोहम हॉस्पिटल ने यह भी घोषणा की कि ऐसे फ्री लेज़र स्टोन एवं प्रोस्टेट सर्जरी कैंप हर महीने, अधिकतर तीसरे रविवार को, नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। जिन मरीजों को किडनी स्टोन या प्रोस्टेट की समस्या है, वे इस शिविर में आकर निःशुल्क जांच और सर्जरी का लाभ ले सकते हैं। यह पहल क्षेत्र के लोगों को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं और बेहतर स्वास्थ्य का अवसर प्रदान करती रहेगी।






### बूढ़ादेव भवन में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

**महासमुंद।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती 15 नवंबर को बूढ़ादेव भवन में मनाई गई। इस मौके पर आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों के प्रमुखों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण किया गया। एसपी ध्रुव, आरके गजनिये, नाथू पोडेटी, सरजू सिंह कुंजाम, डमरूधर मांझी ने भगवान बिरसा मुंडा द्वारा किए गए अविस्मरणीय कार्य से समाज के युवाओं को तत्पर रहने प्रेरित किया। साथ ही समाज उत्थान में आवश्यक सहयोग अपील की गई। इस अवसर पर एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव एवं जिला सचिव सर्व आदिवासी समाज, आरके गजनिये पूर्व पदाधिकारी बौद्ध महासभा महासमुंद, एनएल ध्रुव जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जन जाति शासकीय सेवक विकास संघ, नाथू राम पोडेटी गोंडी धर्म प्रचारक ग्राम जलकी, जुगल किशोर नेताम सानाजिक कार्यकर्ता ग्राम ठुमसा, सरजू सिंह कुंजाम अध्यक्ष ब्रम्हनेश्वर परिक्षेत्र, परसकोल से डमरूधर मांझी, सनमान सिंह दीवान सेवानिवृत्त जिला उद्यान अधिकारी, बीएस नेताम सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी, टीआर ध्रुव, ताराचंद ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## दुरुगपाली में धूमधाम से मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम दुरुगपाली में सर्व आदिवासी समाज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर अध्यक्ष सर्वआदिवासी समाज, मनराखन ठाकुर अध्यक्ष ध्रुव गोड़ समाज, मोहित ध्रुव पूर्व सदस्य मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण और गोलू रावल रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर इष्ट देवी देवता की पूजा अर्चना कर किया गया। साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के बालिकाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ग्राम में सर्व आदिवासी समाज द्वारा रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के वीर योद्धा थे, जिन्होंने हमेशा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कार्य किया तथा हमेशा समाज के लिए तत्पर रहते थे, जिन्होंने अपने प्राण की चिंता किए बिना समाज सेवा में लगे रहे, ऐसे वीर योद्धा के बारे में हमें अपने समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को चाहिए कि शिक्षा के प्रति हमेशा सजग रहे और अपने आप को जागरूक रखे, जिससे समाज आगे बढ़ सके। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लुकेश ध्रुव ने किया। इस अवसर पर जनपद सभापति सृष्टि ध्रुव, जनपद सदस्य नारायण ध्रुव, डॉ नरेश ध्रुव, अनूप पोडेटी, शिवचरण ध्रुव, कृष्णा ध्रुव, दिनेश कालसा, डॉ नरेंद्र ठाकुर, हरिराम नेताम, सुखसिंह ध्रुव, गाड़ाराय भोई, नरेश ध्रुव, विष्णु बरिहा, ओमप्रकाश मलिक, बरतलाल मांझी, दिनेश ध्रुव, शिव भोई, किशोर भोई, हेमलाल भोई, नयन ध्रुव एवं सगाजन उपस्थित रहे।





### पिटियाझर सोसाइटी में नहीं हुई धान खरीदी

**महासमुंद।** पिटियाझर सोसाइटी में कर्मचारी, प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर के हड़ताल में रहने के कारण प्रभारी बनाए गए कर्मचारी ने धान खरीदी से इनकार किया। सोसाइटी में चार किसानों का टोकन था। जिसमें ग्राम खरोरा से देवदत्त चंद्राकर एवं रोहित चंद्राकर द्वारा करीब डेढ़ सौ क्विंटल धान लाया गया। सरकार द्वारा कर्मचारियों की व्यवस्था न होने के कारण खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई। शाम 4 बजे वापस किसानों द्वारा धान को ले जाया गया। खरीदी नहीं होने से आज किसानों का टोकन निरस्त हो गया। अब न जाने कब धान बेच पाएंगे, किसान चिंता में है। सरकार से नाराजगी जाहिर करते हुए किसानों ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द हड़ताली कर्मचारियों को वापस लाएं एवं धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित करें।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय कैंप का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा एनएसएस राज्य नोडल अधिकारी डॉ नीता बाजपेई एवं जिला संगठक डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन एवं शाला के डायरेक्टर डॉ जार्ज रावटे, अनीता जी रावटे, प्राचार्य एम निवास राव के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का आयोजन ग्राम पिरदा में किया गया। इस शिविर में प्रातः प्रभात फेरी एवं व्यायाम बौद्धिक परिचर्चा के लिए अलग-अलग विभाग से आए हुए अधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को विभाग संबंधी जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें बच्चों को स्वास्थ्य विभाग, पशु एवं चिकित्सा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, आयुर्वेद, यातायात पुलिस आदि विभागों द्वारा जानकारी प्रदान किया गया। जिसमें आपातकालीन नंबर एवं पशुओं का देखभाल एवं चिकित्सा गर्भवती महिलाओं के लिए सुविधा इत्यादि बिंदुओं पर लोगों को जानकारी प्रदान की गई। स्वयंसेवकों द्वारा स्कूली बच्चों को व्यायाम खेल एवं उनके कक्षाओं में जाकर उन्हें कविता गीत योग एवं अंग्रेजी में अपना परिचय कैसे दें इत्यादि सिखाया। स्वयंसेवकों को गुलाब फूल का पॉलीहॉउस, तुमगांव में स्थित करणी कृपा प्लांट एवं ग्राम का भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने अलग-अलग प्रकार की उत्पादन संबंधी जानकारी प्राप्त किया।

स्वयंसेवक को आयुर्वेदिक संबंधी जानकारी के लिए किशोर चंद्राकर (आयुर्वेद विशेषज्ञ) ने आयुर्वेद शाला भी ले जाया गया जहां उन्होंने अलग-अलग प्रकार की जड़ी बूटियां फलों एवं उसके विशेषताओं के बारे में जाना एवं मति अमर सृष्टि चंद्राकर, अमर चंद्राकर ने स्वयंसेवकों को पढ़ाई एवं भविष्य में आने वाली परिस्थितियों से निपटने के विषयों पर चर्चा की। शिविर के अंतिम दिन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत पिरदा के सरपंच श्यामकुमारी पटेल, संजय पटेल उपसरपंच, मुकेश पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में किशोर चंद्राकर, पिलोचन चंद्राकर, डॉक्टर युगल चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, शीतल चंद्राकर, तोषण पटेल, रविंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, सूरज, सुरेश पटेल, ललित ध्रुव, दिलीप असगर, दिलीप कुमार पटेल, बिसंबर साहू,, मिलाप ध्रुव, नरेश पटेल का पुष्पगुछ से स्वागत किया गया। अतिथियों ने स्वयंसेवकों को पढ़ाई एवं समाज के प्रति सेवा के लिए एवं ग्राम पिरदा में शिविर लगाने के लिए सराहना करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। तत्पश्चात स्वयंसेवक एवं ग्रामीण बच्चों द्वारा मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पश्चात शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में शामिल विद्यार्थियों को स्कूली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। आभार प्रदर्शन गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम के प्राचार्य राव ने किया। शिविर जानकारी कार्यक्रम अधिकारी अनीता बंजारी ने दी। शिविर में सोनिया बांदे, तन्मय गिरी गोस्वामी, अनुज सोना का विशेष योगदान रहा।



